तापमान

अधिकतम 38.6 डिग्री
न्यूनतम 25.1 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 26 जुलाई, 2025



12 तीज पर छात्रों ने मचाया धमाल, कार्यक्रम में दी प्रस्तुतियां





12 5 हजार स्कूलों को मर्जर करने की तैयारी




## खबर संक्षेप

### 26 और 27 को इंटरनेट सेवा बंद करने का विरोध

**बराड़ा।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 26 व 27 जुलाई को आयोजित की जाने वाली कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) 2025 को लेकर तैयारियां होने का दावा किया जा रहा है। इंटरनेट सेवा बंद करने की संभावित योजना ने अभ्यर्थियों की चिंता बढ़ा दी है। सरकार व हरियाणा एसएससी की ओर से यह संकेत दिए गए हैं कि परीक्षा आयोजित करवाने को लेकर पूरे राज्य में इंटरनेट सेवा बंद की जा सकती है। इस फैसले को लेकर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट अरुण बिड़लान ने विरोध किया है।

### गुरुद्वारे में गुल्लक से लाखों की नकदी गायब

**यमुनानगर।** चोरों ने गांव बलाचौर स्थित दसवीं पातशाही गुरुद्वारे में घुसकर बीती रात मुख्य गुल्लक समेत दो अन्य छोटे गुल्लकों से पैसे चोरी कर लिए। छोटे गुल्लक गुरूद्वारे के साथ में खेतों से बरामद हुए। अनुमान है कि चोरों ने गुरूद्वारे से गुल्लक तोड़कर करीब आठ से 10 लाख रुपये चोरी किए हैं। यह गुल्लक 15 महीने से बंद थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। छछरौली थाना प्रभारी जगदीश चंद ने बताया कि मामले में सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। इसके साथ ही संदिग्ध लोगों से पूछताछ जारी है। जल्द ही आरोपी चोरों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### कुवि ने घोषित किए 18 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 18 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि मई 2025 में बी.पी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर (फ्रेश + री) आईयूएमएस, बी.पी.एड. द्वितीय सेमेस्टर (फ्रेश + री) आईयूएमएस, बी.पी.एड. द्वितीय सेमेस्टर (री) नॉन-सीबीसीएस, बी.पी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर (फ्रेश + री) नॉन-सीबीसीएस, बी.ए. (ऑनर्स) छठा सेमेस्टर, एम.एससी. बायो-केमिस्ट्री दूसरा और चौथा सेमेस्टर (री-अपीयर), आदि परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए हैं।

#### इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम 2025 का समापन समारोह

# देश का नया इतिहास लिखने व विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए युवाओं को संभालनी होगी बागडोर : नायब सैनी

### सीएम ने कलाकारों और अधिकारियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- कला और संस्कृति को लेकर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया





कुरुक्षेत्र। सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार तथा प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत का नया इतिहास लिखने और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र का निर्माण करने के लिए युवा शक्ति को अपने हाथों में देश की बागडोर संभालनी होगी। इसके लिए युवाओं को देश के मूल्यों, संस्कृति और विरासत के साथ जुड़ना होगा।

इस युवा शक्ति को देश की संस्कृति, संस्कारों के साथ जोड़ने के लिए ही सरकार की तरफ से इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज जैसे कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है। इस प्रकार के कार्यक्रमों में एक भारत श्रेष्ठ भारत के भी दर्शन सहजता से हो जाते है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को देर सायं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा व हरियाणा कौशल एवं औद्योगिकी प्रशिक्षण विभाग के तत्वावधान में आयोजित इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम 2025 के समापन समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम,प्रधान सचिव राजीव रंजन, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डीडी, भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने विभिन्न विभागों की तरफ से कला और संस्कृति को लेकर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और युवा पंचायत के मंच पर पगडी पहनी। इसके बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधिवत रूप से इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम 2025 के समापन समारोह के कार्यक्रमों का आगाज किया। इस मंच पर गुजरात प्रदेश के कलाकारों ने मनियारी रास और हरियाणा सीडीएलयू सिरसा के कलाकारों ने हरियाणवी लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम में देश के कोने-कोने से आए युवाओं की संस्कृति और भाषा एक दूसरे प्रदेश के युवाओं को भा गई। इस संस्कृति के महाकुंभ में विभिन्न प्रदेशों की भाषा और वेशभूषा से भारत की आत्मा की झलक देखने को मिली। इस कार्यक्रम का थीम एक भारत श्रेष्ठ भारत देश की आत्मा और भविष्य का मार्ग प्रस्तत करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 140वीं जयंती पर एक भारत श्रेष्ठ भारत थीम को शुरू किया था। इसका उद्देश्य भारत की बहुरंगी संस्कृति को उत्सव की तरह मनाते हुए राज्यों के बीच मेलजोल द्वारा राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करना है।

### 11 सालों में गरीब के घर तक पहुंची सुविधाएं

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने 11 सालों में गरीब के घर तक सुविधाएं पहुंचाने का काम किया है। इस सरकार ने आम जन मानस को जहन में रखकर जनकल्याणकारी योजनाएं तैयार की और उनको अमलीजामा पहनाने का काम किया। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी पहचान बनाएंगा। मुख्यमंत्री सैनी शुक्रवार को देर सायं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा व हरियाणा कौशल एवं औद्योगिकी प्रशिक्षण विभाग के तत्वावधान में आयोजित इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम 2025 के समापन समारोह के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 11 सालों में एक नए, मजबूत और सशक्त भारत का उदय हुआ है और अब प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने के लिए सभी मिलकर वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि 11 सालों में आमजन मानस का जीवन सरल और सुगम बना, भारतमाला के तहत देश को जोड़ने का काम किया गया। इतना ही नहीं भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है और अब आने वाले समय में भारत जल्द ही तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी पहचान बनाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में 11वें नंबर पर थी और उस समय की सरकार के कार्यकाल में 11वें नंबर पर होने के बावजूद भी हिचकोले खा रही थी। एक प्रश्न का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक निजी चिकित्सक की हत्या के मामले में दोषी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा और उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर चल रहे इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक भारत श्रेष्ठ भारत का विजिन नजर आया है। इस कार्यक्रम में देश के सभी राज्यों की संस्कृति को आत्मसात करने का मौका युवाओं को मिला है। यह युवा गीता स्थली कुरुक्षेत्र के इतिहास और संस्कृति को अपने-अपने प्रदेश में एक ब्रांड एम्बेस्डर बनकर प्रचार और प्रसार करेंगे।।

## हिदायतों के अनुसार पूर्ण करवाएं सीईटी परीक्षा : नंदगढ़

- ड्यूटी मजिस्ट्रेट, केंद्र अधीक्षकों व पुलिस अधिकारियों की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। जिला सचिवालय में सीईटी की परीक्षा को लेकर आयोजित अधिकारियों की बैठक में निर्देश देते हुए आयोग के सदस्य अमर सिंह नंदगढ़।

जिला सचिवालय में सीईटी की परीक्षा को लेकर डयूटी मैजिस्ट्रेट कम फ्लाईंग स्क्वायड ऑफिसर, केंद्र अधीक्षकों व पुलिस अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य अमर सिंह नंदगढ ने सीईटी परीक्षा को लेकर दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त पार्थ गुप्ता व पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल भी मौजूद रहे।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य अमर सिंह नंदगढ ने कहा कि यह परीक्षा बच्चों का भविष्य तय करेगी। इस परीक्षा की मॉनिटरिंग प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं कर रहे हैं। इसलिए प्रदेश सरकार ग्रुप सी सीईटी की परीक्षा के प्रति बहुत गंभीर है। जिन अधिकारियों की ड्यूटी सीईटी परीक्षा से संबंधित कार्यों में लगी हैं। उनकी जिम्मेदारी बड़ी अहम हो जाती है। इसलिए परीक्षा से संबंधित कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की हिदायतों के अनुसार परीक्षा कार्यों को पूर्ण करवाएं। सरकार द्वारा परीक्षा से संबंधित जारी हिदायतों को अच्छी तरह से पढ़ व समझ लें ताकि परीक्षा के समय किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। सरकार बच्चों को परीक्षा देने के लिए सुविधाएं प्रदान कर रही है। इसलिए हम भी मानवता के नाते दूसरे जिलों से आए परीक्षार्थियों के साथ अच्छा व्यवहार करें। ताकि वे अपने जिलों में जाकर परीक्षा में लगे अधिकारियों की प्रशंसा कर सकें। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों से अपील की कि परीक्षार्थियों के साथ आए अभिभावकों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था करे।

#### फोन की अनुमति नहीं

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि परीक्षा केन्द्रों में ड्यूटी देने वाले अधिकारियों को आई कार्ड जारी किया गया है। सभी अधिकारी परीक्षा के समय अपने अपने गले में आयोग द्वारा जारी किए गए आईकार्ड अवश्य पहनें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के अन्दर किसी भी अधिकारी व परीक्षार्थी को मोबाइल ले जाने की ईजाजत नहीं दी जाएगी। अधिकारी टीम वर्क के रूप में कार्य करते हुए अपने अपने परीक्षा केन्द्र में बिजली पानी, बायोमैट्रिक मशीन व सीसीटीवी कैमरे इत्यादि को चैक कर परीक्षा से पहले रिपोर्ट करें। मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, एएसपी अमरेन्द्र सिंह, जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, बिलासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, छछरौली के एसडीएम रोहित कुमार, नगराधीश पीयूष गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र चौधरी व हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग से सुरेन्द्र आदि मजौूद रहे।

### गांव यारा की सरपंच को किया सस्पेंड

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने शाहाबाद के गांव की महिला सरपंच को उनके पद से तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। महिला सरपंच पर गांव में बगैर अनुमति पेड़ कटवाने और ग्राम पंचायत को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के आरोप थे। इस मामले की जांच चल रही थी, जिसमें जांच के बाद उन पर कार्रवाई की गई है।

गांव यारा के पूर्व सरपंच विनोद कुमार ने शिकायत दी थी कि पंचायत क्षेत्र में पेड़ बिना किसी आधिकारिक मंजूरी के कटवाए गए हैं। मामले की जांच खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी शाहबाद को सौंपी गई थी। जांच में यह पाया गया कि पेड़ों की कटाई बिना अनुमति की गई। इसके लिए सरपंच ने किसी विभाग से स्वीकृति नहीं ली थी। सरपंच ने उच्चाधिकारियों को इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी। जांच के बाद उपायुक्त नेहा सिंह ने गांव की सरपंच को उनके पद से सस्पेंड कर दिया है।

## फ्रेंचाइजी देने के नाम पर महिला से ठगे 10 लाख

- अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठगों ने ब्लिंकिट फ्रेंचाइजी देने के नाम पर पहाड़ी बाजार व्यासपुर निवासी सोनी गुप्ता व उसके बिजनेस पार्टनर जगाधरी निवासी अशोक जैन से 10 लाख रुपये ठग लिए। जब उन्हें अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

पहाड़ी बाजार व्यासपुर निवासी नितेश बंसल ने शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी सोनी गुप्ता और जगाधरी के अशोक जैन बिजनेस पार्टनर है। गत 18 जुलाई को उसकी पत्नी के मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया।

#### आरोपी ने ब्लिंकिट की फ्रेंचाइजी देने की बात कही

आरोपी ने उसकी पत्नी को ब्लिंकिट की फ्रेंचाइजी देने की बात कही। उसने आरोपी पर विश्वास कर दिया। आरोपी ने 18 जुलाई से 22 जुलाई के बीच फ्रेंचाइजी देने के नाम पर उसकी पत्नी व अशोक जैन से 10 लाख रुपये अलग-अलग अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद आरोपियों ने उन्हें फ्रेंचाइजी नहीं दिलवाई। जब उन्होंने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उन्हें अपने साथ हुई ठगी का पता चला। उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

## यूरिया की कालाबाजारी को लेकर तीन केंद्रों का लाइसेंस सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- सीएम फ्लाइंग व कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने तीन केंद्रों पर खाद का स्टॉक जांचा था

यूरिया की बढ़ती कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त रवैया अपनाए हुए है। किसानों को खाद के लिए दिक्कत न हो इसके लिए खाद विक्रेताओं की दुकानों पर स्टॉक इत्यादि जांचा जा रहा है।

जहां भी गड़बड़ी मिल रही है वहां पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम कार्रवाई अमल में ला रही है। बीते मंगलवार सीएम फ्लाइंग व कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने दबिश देते हुए तीन केंद्रों पर यूरिया व अन्य खाद का स्टॉक जांचा था जिसमें कालड़ा पेस्टीसाइड केंद्र में 199 बैग यूरिया, 27 एमओपी, एसएसपी 30, एनपीके 51 और डीएपी के सिर्फ 3 बैग ही मिले थे। जबकि पोस मशीन में स्टॉक अधिक दिखा रहा था। इसी प्रकार बलाना गांव और सुल्लर गांव में पैक्स केंद्र पर भी यूरिया के स्टॉक में गड़बड़ी पाई गई थी। इन तीनों केंद्रों का कृषि विभाग ने लाइसेंस निलंबित कर दिया। अब आगामी आदेश तक यह दुकानदार खाद बिक्री नहीं कर पाएंगे। जांच टीम ने सुल्लर के पैक्स केंद्र के प्रबंधक निशान सिंह का भी लाइसेंस निलंबित कर दिया है। जांच में टीम को केंद्र में यूरिया के 14 बैग पोस मशीन में मिले मगर गोदाम में यूरिया बैग की संख्या अधिक पाई गई थी। बलाना पैक्स केंद्र पर 414 बैग पोस मशीन में दिखाए गए थे मगर गोदाम में एक भी बैग नहीं पाया गया था।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास, दोषी को 20 साल कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- अदालत ने दोषी को 30 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

नाबालिग लड़की के साथ गलत काम करने के मामले में अदालत ने 59 वर्षीय आरोपी को दोषी पाए जाने पर 20 साल की कैद व 30 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

जुर्माना अदा नहीं करने पर आरोपी को अतिरिक्त सजा भुगतने के आदेश दिए गए हैं। यह फैसला अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सुनाया है। साढ़ौरा थाना क्षेत्र की एक महिला ने 29 अगस्त 2024 को साढ़ौरा पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि उसकी बारह वर्षीय बेटी घर से कूड़ा उठाकर उसे बाहर डालने जा रही थी। इस दौरान रास्ते में उसे गांव का आरोपी चंदगी राम मिल गया। आरोपी उसकी बेटी को जबरदस्ती अपने पशुओं के बाड़े में ले गया और उसके साथ गलत काम करने का प्रयास करने लगा।

उसकी बेटी जब काफी देर तक घर नहीं पहुंची तो उसने उसकी तलाश की। तलाश के दौरान उसे चंदगी राम के पशुओं के बाड़े से लड़की के चिल्लाने की आवाज आई। उसने तुरंत शोर मचाया तो आरोपी चंदगी राम दरवाजा खोलकर भाग गया। उस दौरान उसने देखा कि उसकी लड़की के शरीर पर कपड़े नहीं थे। उसकी लड़की ने उसे बताया कि आरोपी चंदगी राम उसको जबरदस्ती पकड़ कर उसके साथ गलत काम करने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने उस समय आरोपी चंदगीराम के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया था।

#### ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर सैनिकों के जज्बे को किया सलाम

## अंबाला एयरफोर्स पहुंची शौर्य भारत यात्रा का स्वागत

- 40 गाड़ियों में सवार 80 जवान हैं यात्रा में शामिल, दिल्ली से किया था एयरचीफ मार्शल ने रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला एयरफोर्स पहुंचती यात्रा का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के दृष्टिगत भारतीय वायु सेना द्वारा निकाली जा रही शौर्य भारत ईवी ड्राइव यात्रा शुक्रवार को एयरफोर्स स्टेशन पहुंची। यहां पहुंचने पर वायुसेना के उच्च अधिकारियों ने यात्रा का भव्य अभिनंदन किया। बता दें कि इस यात्रा को दिल्ली से एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने झंडी दिखाकर रवाना किया है।

यह यात्रा पंजाब के आदमपुर में जाएगी, वहां से वापस दिल्ली पहुंचेगी। यात्रा की अगुवाई कर रहे ग्रुप कैप्टन भूपेंद्र सिंह सहरावत ने बताया कि इस यात्रा में भारतीय वायुसेना के साथ-साथ इंडियन आर्मी, एनसीसी ऑफिसर व अन्य शामिल हैं। टाटा द्वारा उपलब्ध करवाई गई 40 गाडियों के माध्यम से यह यात्रा निकाली जा रही है। इसमें 80 प्रतिभागी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस यात्रा को निकाले जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि ऑप्रेशन सिंदूर में हमारी रक्षा सेनाओं ने अपने पराक्रम व कुशलता का परिचय देते हुए दुशमनों के छक्के छुड़ाने का काम किया है। यह कार्य उन्होंने मात्र 6 दिनों में किया है जोकि हर देशवासी के लिए गर्व की बात है। सेनाओं का आत्मबल बढ़े इसके लिए इस यात्रा को निकाला जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इसके साथ-साथ हमारा पर्यावरण साफ-सुथरा रहे। प्रदूषण रहित हो, पेट्रोल का कम प्रयोग हो, इलेक्ट्रोनिक गाडियों का प्रयोग हो इसके लिए टाटा द्वारा 40 गाडियां भी उपलब्ध करवाई गई हैं। इस यात्रा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया जा रहा है।

यात्रा में ही शामिल वायुसेना के प्रशासनिक विंग में कार्यरत डॉ. कैप्टन ज्योति ने भी बताया कि ऑप्रेशन सिंदूर की सफलता से हमारी सेनाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है। इस ऑप्रेशन में हमारी सेनाओं ने जिनमें भारतीय वायु सेना, नेवी व अन्य सेनाएं शामिल रही जिन्होंने अपनी कार्यकुशलता का परिचय देते हुए दुशमनों के दांत खट्टे करने का काम किया है।

#### आत्मनिर्भर बनें

डॉ. कैप्टन ज्योति ने कहा कि हमें आत्मनिर्भर बनना चाहिए। अपने देश में ही बनी वस्तुओं एवं चीजों का प्रयोग करना चाहिए। इसके तहत भारतीय कंपनी द्वारा जो इलेक्ट्रोनिक कारें उपलब्ध करवाई गई है उसके माध्यम से पर्यावरण को साफ-सुथरा बनाए रखने का संदेश देने का काम भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऑप्रेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना अंबाला के साथ-साथ आदमपुर का भी अहम योगदान है। भारतीय वायुसेना का अंबाला बड़ा हब है।

### नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को सुनाई 5 साल कारावास की सजा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायधीश स्पैशल कोर्ट एनडीपीएस एक्ट अदालत ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी रवि उर्फ टिंकू वासी गुरुनानकपुरा कुरुक्षेत्र को 5 साल कारावास व 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर रविदास चौक कुरुक्षेत्र पर नाकबंदी करके रवि उर्फ टिंकू वासी गुरुनानकपुरा कुरुक्षेत्र को काबू किया था

आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 7.50 ग्राम हैरोइन/स्मैक बरामद हुई थी। आरोपी के विरुद्ध थाना शहर थानेसर में नशीली वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया था। मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायधीश स्पैशल कोर्ट एनडीपीएस एक्ट की अदालत ने आरोपी रवि उर्फ टिंकू वासी गुरुनानकपुरा कुरुक्षेत्र को दोषी करार दिया।

## मानव तस्करी के आरोपी को 7 साल का कारावास

- अदालत ने दोषी को 52 हजार रुपये जुर्माने की सजा भी सुनाई
- हंगरी एम्बेसी से पता चला था कि युवक की किसी ने हत्या कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायधीश अदालत ने विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी व मानव तस्करी करने के आरोपी सुखविन्द्र वासी जगाधरी जिला यमुनानगर को 7 साल कारावास व 52 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

लाडवा पुलिस को दी शिकायत में सुखबीर सिंह वासी धनौरा जट्टांन जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि वह अपने लड़के को विदेश भेजना चाहता था। उसने सुखविन्द्र से मुलाकात की। उनके बीच आसट्रिया भेजने के लिए 12 लाख रुपये में बात तय हुई। उसने आरोपी को अलग-अलग तारीखों में करीब 8 लाख 50 हजार रुपये दिए। इसके बाद आरोपी ने उसके बेटे को हंगरी भेज दिया। हगरी में कुछ समय तक बेटे से उसकी बात हुई लेकिन फिर उसका कोई अता-पता नही चला। जब उसने हंगरी एम्बेसी से छानबीन की तो पता चला कि उसके लडके की किसी ने हत्या कर दी है। जिसकी शिकायत पर थाना लाडवा में मामला दर्ज करके आरोपी सुखविन्द्र को गिरफ्तार कर लिया था। मामले में अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायधीश अदालत ने विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी व मानव तस्करी करने के आरोपी सुखविन्द्र वासी जगाधरी जिला यमुनानगर को दोषी करार देते हुए हुए आईपीसी की धारा 420 के तहत 5 साल कठोर कारावास व 10 हजार रुपये जुमार्ना तथा जुमार्ना न भरने की सूरत में 3 माह के अतिरिक्त साधारण कारवास की सजा सुनाई है।

## खबर संक्षेप

### विधानसभा समिति ने की तकनीकी शिक्षा की समीक्षा

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा के चीफ व्हिप एवं विधायक रामकुमार कश्यप की अध्यक्षता में विधानसभा समिति की बैठक शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में चिकित्सा शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। समिति ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

### आयुष्मान पंजीकरण आदेश पर जताई आपत्ति

**करनाल।** हरियाणा सरकार के कोष एवं लेखा विभाग द्वारा 14 जुलाई को जारी आदेश, जिसमें सभी नियमित कर्मचारियों, पेंशनर्स एवं उनके परिजनों को 31 जुलाई तक आयुष्मान भारत मोबाइल ऐप पर पंजीकरण अनिवार्य किया गया है, को लेकर रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने कड़ा विरोध जताया है। संघ के उपमहासचिव कृष्ण शर्मा, जिला सचिव ओमप्रकाश सिहमार और प्रवक्ता धीरज सिंह रावत ने आरोप लगाया कि यह आदेश बिना किसी पूर्व वार्ता और स्पष्ट जानकारी के लागू किया गया, जो कर्मचारी हितों के खिलाफ है।

### श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर में मनाई हरियाली तीज

**तरावड़ी।** श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट के प्रांगण में हरियाली तीज का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा इस त्यौहार की विशेषता बताते हुए कविता , गीत-नृत्य और अभिनय से युक्त विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर जीवन में त्योहारों के महत्व को दर्शाया। प्रार्थना सभा से ही शुरू होने वाले कार्यक्रम को भारतीय संस्कृति और विद्यालय के परंपरागत ढंग से विद्यालय निदेशक डॉक्टर राकेश शर्मा उपप्रधानाचार्य रवि शर्मा के कर कमलों से भगवान शंकरजी की पूजा अर्चना के द्वारा किया गया। कक्षा 12वीं के छात्रों के मंच संचालन से अपने शिक्षा संस्कारों का परिचय दिया। इस अवसर पर कक्षा छठी से आठवीं व नौवीं से बारहवीं दो वर्ग समूह में अंतर्सदनीय मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

## स्टाफ की कमी और बजट के कारण मरीजों की जान से खिलवाड़ के आरोप

# कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में एक्सपायरी दवाइयों का भंडाफोड़, निरीक्षण में खुलीं परतें

- रिपोर्ट सरकार को भेजी जाएगी, कार्रवाई नहीं हुई तो मामला विधानसभा में उठेगा : विधायक
- तीन साल पहले भी यौन उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोपों से घिरा था मेडिकल कॉलेज, अब फिर सवालों के घेरे में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल



करनाल। मेडिकल कालेज का निरीक्षण करते विधायक। फोटो : हरिभूमि

करनाल स्थित कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज एक बार फिर भारी लापरवाही और अव्यवस्थाओं के आरोपों में घिर गया है। शुक्रवार को हरियाणा विधानसभा की विषय समिति के निरीक्षण के दौरान अस्पताल में भारी मात्रा में एक्सपायरी दवाइयां, सेंट्रल लाइन, आईवी ड्रेसिंग किट, पंपिंग किट व अन्य मेडिकल सामग्री पाई गई। जांच में खुलासा हुआ कि कई दवाएं 2022, 2023 और 2024 में एक्सपायर हो चुकी थीं, फिर भी इन्हें स्टोर में रखा गया था। इसके अलावा यह भी सामने आया कि लाखों रुपये की मेडिकल सामग्री को बिना प्रक्रिया के रातों-रात कबाड़ में बेच देने का मामला सामने आया है। इस गंभीर स्थिति पर समिति सदस्य व विधायक इंद्रराज सिंह बरौदा ने मौके पर ही कॉलेज प्रशासन को फटकार लगाई और संबंधित विभागों के अधिकारियों को सस्पेंड करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इस मामले में कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मुद्दा विधानसभा में ज़ोरशोर से उठाया जाएगा। इंद्रराज सिंह ने स्पष्ट कहा कि रिपोर्ट सरकार को भेजी जाएगी और जवाबदेही तय होनी चाहिए।

### समिति अध्यक्ष ने साधी चुप्पी, पत्रकारों के सवालों से बचे

वहीं दूसरी ओर समिति के अध्यक्ष और इंद्री से विधायक रामकुमार कश्यप ने निरीक्षण को संतोषजनक बताया। उन्होंने कॉलेज की व्यवस्थाओं की तारीफ की और कहा कि 'दुनिया में कोई भी पूर्ण नहीं है, थोड़ी-बहुत कमी तो मिलती ही है।' जब उनसे अल्ट्रासाउंड व सिटी स्कैन सेवाओं की सीमित उपलब्धता, लंबी लाइनें और दिनभर में केवल 15–20 स्कैन होने जैसे मुद्दों पर सवाल किए गए तो वह कोई स्पष्ट जवाब दिए बिना वहां से निकल गए

### तीन साल पहले भी लग चुके हैं गंभीर आरोप

यह कोई पहली बार नहीं है जब कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज विवादों में आया हो। तीन साल पहले विषय समिति के दौरे के दौरान पैरा मेडिकल छात्राओं ने ओटी टेक्नीशियन पवन कुमार पर यौन उत्पीड़न और मानसिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए थे। छात्राओं ने सात पेज की शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी थी, जिसके आधार पर कॉलेज की आंतरिक समिति ने जांच शुरू की थी। छात्राओं ने आरोप लगाया था कि पवन कुमार उन्हें अनुचित मैसेज भेजता था, प्रताड़ित करता था और अश्लील ड्रेस पहनने का दबाव बनाता था। साथ ही पीजीआई में नौकरी व क्लास प्रतिनिधि बनाने का लालच भी देता था।

### खास बातें

▸▸ विधायक रामकुमार कश्यप ने जताई संतुष्टि, पर पत्रकारों के तीखे सवालों पर साधी चुप्पी

### विधायक जगमोहन आनंद का बयान

▸▸ कुछ खामियां स्टाफ और बजट की कमी से, रिपोर्ट में होंगे सुधार के सुझाव

### यह बना बड़ा सवाल

अब बड़ा सवाल यह है कि क्या सरकार इस रिपोर्ट पर ठोस कार्रवाई करेगी या पिछली बार की तरह रिपोर्ट को दबा दिया जाएगा।

**विधायक जगमोहन आनंद ने भी मानी कमियां, पर जताई सकारात्मक उम्मीद:** दौरे के बाद करनाल से विधायक जगमोहन आनंद ने भी माना कि निरीक्षण के दौरान कई व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं, लेकिन कुछ खामियां स्टाफ की कमी और बजट की सीमाओं के कारण सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी पहलुओं को रिपोर्ट में शामिल कर सरकार व संबंधित विभाग को भेजा जाएगा।

समिति अब एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर सरकार को सौंपेगी, जिसमें कॉलेज की व्यवस्थाएं, कमियों की सूची, बजट की मांग, स्टाफ की स्थिति और सुधार के सुझाव शामिल होंगे।

# सीईटी परीक्षा के लिए तैयारियां पूरी 8 स्थानों से चलेगी फ्री बस सेवा

- सुबह की शिफ्ट के परीक्षार्थियों के लिए सुबह 3 बजे से 4 बजे तक बसें रवाना होंगी
- दोपहर की शिफ्ट वालों के लिए 8 से 9:30 बजे तक बसें जाएंगी
- महिला व पुरुष अभ्यर्थियों के लिए रुकने की विशेष व्यवस्था




हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 26 व 27 जुलाई को आयोजित होने वाली सीईटी परीक्षा को लेकर करनाल प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस संबंध में उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु न केवल ट्रांसपोर्ट व्यवस्था बल्कि ठहरने की भी समुचित व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि करनाल से पंचकूला व यमुनानगर परीक्षा केंद्रों के लिए अभ्यर्थियों को 8 स्थानों से निःशुल्क रोडवेज बस सेवा उपलब्ध करवाई जाएगी। जींद से आए अभ्यर्थियों के लिए करनाल में 53 सेंटर बनाए गए हैं, जो 38 विभिन्न लोकेशनों पर स्थित हैं। परीक्षा केंद्रों पर बिजली, शौचालय, पीने का पानी और दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए विशेष सहायता की व्यवस्था की गई है। डीसी ने अभ्यर्थियों से किसी भी समस्या के लिए हेल्पलाइन नंबर 0184-2270729 व 82959-81765 पर संपर्क करने की अपील की है।

### बसें यहां से चलेंगी:

▸▸ करनालः पुराना बस स्टैंड
▸▸ इंद्रीः बस स्टैंड (लाडवा रोड)
▸▸ घरौंडाः नया बस स्टैंड (**NH**-44)
असंध, बल्ला, निगदू, निसिंग, नीलोखेड़ी से भी

### पार्किंग और शटल सेवा की व्यवस्था

▸▸ यमुनानगरः औरंगाबाद फ्लाईओवर के पास से शटल बसें परीक्षा केंद्रों तक जाएंगी।
▸▸ पंचकूलाः रोडवेज बस स्टैंड से शटल सेवा अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल तक पहुंचाएगी।

### ठहरने की व्यवस्था

▸▸ महिला अभ्यर्थियों के लिएः अग्रवाल धर्मशाला, काम्बोज धर्मशाला
▸▸ पुरुषों के लिएः अंबेडकर भवन सेक्टर-16, राजपूत धर्मशाला (सेक्टर-8), जाट महासभा (सेक्टर-12), रोड भवन (दयाल सिंह कॉलोनी), सैनी धर्मशाला (बांसो गेट)



तरावड़ी। एस एम एस पब्लिक स्कूल के बच्चे कार्यक्रम में भाग लेते हुए।

### कारगिल के शहीदों की शहादत को किया नमन

**तरावड़ी।** एसएमएस पब्लिक स्कूल तरावड़ी में कारगिल दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के प्रांगण में देशभक्ति और उत्साह का जीवंत प्रदर्शन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नन्हें मुन्ने छात्र छात्राओं ने जहाँ देश भक्ति के गीत प्रस्तुत किये वहीं पर कक्षा ग्यारहवीं के छात्र छात्राओं ने कारगिल विजय दिवस पर विशेष असेंबली प्रस्तुत कर सभी को भावुक कर दिया। विद्यालय के प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने कारगिल में शहीद हुए शहीदों की शहादत को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि साल 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच लड़ा गया। कारगिल का युद्ध 3 मई 1999 को तब शुरू हुआ, जब भारत को पता चला कि पाकिस्तान समर्थित घुसपैठियों और सैनिकों ने कारगिल की ऊंचाइयों पर कब्जा कर लिया है। ये जगहें भारतीय क्षेत्र में थी और सामरिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण थीं। भारतीय सेना ने इस घुसपैठ का मुकाबला करने के लिए ऑपरेशन विजय शुरू किया।

# प्रताप पब्लिक स्कूल में किया शहीदों को नमन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तरावड़ी




तरावड़ी। कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम मे भाग लेते प्रताप पब्लिक स्कूल के बच्चे।

प्रताप पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आज कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक भावनात्मक और देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह समारोह भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, बलिदान और मातृभूमि के प्रति निष्ठा को समर्पित था। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्र के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की गई। छात्रों ने मनमोहक देशभक्ति गीतों, सजीव अभिनय तथा ऊर्जावान नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रोताओं को कारगिल युद्ध की गौरव गाथा से रूबरू कराया। मंच संचालन कर रही छात्रा ने आत्मविश्वास और गंभीरता के साथ पूरे समारोह को कुशलता से आगे बढ़ाया, जिससे वातावरण पूरी तरह देशभक्ति की भावना से सराबोर हो गया। छात्रों ने विभिन्न सैन्य वीरों के किरदारों को अत्यंत संजीदगी और आत्मीयता के साथ प्रस्तुत किया, जो दर्शकों के मन को गहराई तक छू गया। कार्यक्रम की उत्कृष्ट व्यवस्था, मंच सज्जा, तकनीकी संयोजन तथा अनुशासित संचालन ने इसे और अधिक प्रभावशाली बना दिया। यह आयोजन न केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम था, बल्कि युवाओं के भीतर देश के प्रति प्रेम और उत्तरदायित्व की भावना को भी प्रोत्साहित करने वाला एक प्रेरणात्मक प्रयास रहा। इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका पिथी चौधरी ने विद्यार्थियों के उत्साह और समर्पण की सराहनीय प्रशंसा की तथा उन्हें वीर सैनिकों से प्रेरणा लेकर जीवन में निष्ठा और परिश्रम के मार्ग पर अग्रसर होने का संदेश दिया।

## खबर संक्षेप



### 70 से ज्यादा नेत्र रोगियों की जांच की

**करनाल।** अग्रकुल सेवा संस्था द्वारा सामाजिक दायित्व निभाने की दिशा में कार्य करते हुए सरस्वती नेत्रालय माडल टाउन में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। यह शिविर शनिवार को भी जारी रहेगा। संस्था के प्रधान विनोद गुप्ता ने बताया कि डा. सलिल गुप्ता और उनकी टीम ने 70 से ज्यादा नेत्र रोगियों की जांच की। डा. सलिल गुप्ता ने आंखों को ठीक रखने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि ज्यादा टीवी देखने और अंधेरे में भी मोबाइल का इस्तेमाल करने से आंखों की रोशनी कम हो जाती है। प्रधान विनोद गुप्ता ने कहा महाराजा अग्रसेन के दिखाए रास्ते पर चलते हुए अग्रकुल सेवा संस्था समाज सेवा के कार्य कर रही है।



### 50 हजार से अधिक लोगों को मिला योग का लाभ

**करनाल।** योग शिक्षक नवीन संदूजा ने योग को जन-जन तक पहुंचाने का बीड़ा उठाते हुए अब तक 50 हजार से अधिक लोगों को योग के माध्यम से निरोग जीवन प्रदान किया है। 'हमारा मिशन स्वस्थ भारत' नामक इस अभियान की शुरुआत 2018 में हुई थी और यह लगातार विस्तार पा रहा है। नवीन संदूजा पेशे से फर्नीचर व्यवसायी हैं लेकिन पिछले 20 वर्षों से नियमित रूप से योग कक्षाएं चला रहे हैं। सुबह साढ़े 5 बजे से 7 बजे तक कर्ण पार्क, एनआरआई रॉयल सिटी, और नहर पार क्षेत्रों में योग सत्र चलते हैं। बारिश, गर्मी या सर्दी – हर मौसम में यह सिलसिला बिना रुके जारी है। उन्होंने बताया कि स्वामी रामदेव जी के 2006 में करनाल आगमन से उन्हें योग की प्रेरणा मिली और बाद में पतंजलि से प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# एनएच प्रोजेक्ट्स की समीक्षा बैठक में उठे विकास के अहम मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल




हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में नेशनल हाईवे-44 (जीटी रोड), एनएच-709 (मेरठ रोड) और निर्माणाधीन रिंग रोड सहित अन्य सीएम घोषणाओं से जुड़े कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यमुना बेल्ट से जुड़े घरौंडा क्षेत्र की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। विशेष रूप से भारी वाहनों के गलत दिशा से चलने से पैदा होने वाले जाम की समस्या पर गंभीरता से विचार करते हुए एनएचएआई को डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जीटी रोड पर फुट ओवर ब्रिज, घरौंडा फ्लाईओवर पर रैंप, सर्विस लेन चौड़ीकरण, नगला चौक फ्लाईओवर और बरसत बाईपास निर्माण जैसे विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में दरिया बुर्दगी बरामदी मलकीयत के जटिल मुद्दे पर भी बात हुई। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि शामलात दर्ज जमीनों को किसानों के नाम मलकीयत दिलाने के लिए सरकार गंभीर है। इससे किसानों को भूमि पर ऋण, मुआवजा और बिक्री की सुविधा मिल सकेगी। उपायुक्त उत्तम सिंह और अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि संबंधित फील्ड रिपोर्ट्स और राजस्व रिकॉर्ड को शीघ्र जांचें।




तरावड़ी। अग्रवाल सभा महिला विंग द्वारा हरियाली तीज के कार्यक्रम मे अपनी प्रस्तुति देती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### अग्रवाल सभा महिला विंग ने मनाया तीज उत्सव

**तरावड़ी।** हरियाली तीज के उपलक्ष्य में आज अग्रवाल सभा तरावड़ी की महिला विंग की ओर से रंगारंग कार्यक्रम अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज की सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर सजधज कर आई महिलाओं द्वारा तीज पर हरियाली गीत गाए। फिल्मी गानों की धुन पर समाज की महिलाओं ने नाच गाना गाकर कार्यक्रम को रंगारंग बना दिया। इसके इलावा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें महिला प्रतिभागियों ने बढ़चढ़ कर भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई और सभा की महिला विंग ओर से उनको पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर महिला विंग की प्रधान रेनू सिंगला ने बताया कि हरियाली तीज का पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन का प्रतीक है तथा हरियाली तीज जैसे पर्व हमारी संस्कृति और पारंपरिक अंदाज में चूड़ा और मोतियों की माला पहनाने की प्रचलन पर भी विस्तार से चर्चा की। यह त्यौहार परंपराओं की अमूल्य धरोहर हैं, जो समृद्धि, खुशहाली न और सामाजिक एकता का संदेश देते हैं।

### लीगल सर्विसेज कमेटी असंध का निरीक्षण किया

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने शुक्रवार को सब डिवीजनल लीगल सर्विसेज कमेटी असंध का निरीक्षण किया। इस मौके पर सीजेएम ने अतिरिक्त सिविल जज व सब डिविजनल लीगल सर्विसेज कमेटी इन्द्री अध्यक्ष हरीश सब्रवाल, सिविल जज असंध अम्बरदीप कौर व पैनल अधिवक्ताओं के साथ बैठक की और कैम्पेन-जागृति, कैम्पेन-साथी, कैम्पेन-संवाद, कैम्पेन-डावन, कैम्पेन-आशा के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर सीजेएम ने आगामी 13 सितम्बर को लगने वाली नेशनल लोक अदालत की भी जानकारी दी।



### अपोलो इंटरनेशनल स्कूल में तीज का त्योहार

**तरावड़ी ।** अपोलो इंटरनेशनल स्कूल दादूपुर खुर्द हरियाली तीज का त्योहार स्कूल में उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूलों में तीज के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें मेहंदी, पारंपरिक नृत्य और गायन प्रतियोगिताएं शामिल थीं। बच्चों ने पारंपरिक परिधान पहने और तीज के महत्व पर भाषण दिए। स्कूलों में तीज के अवसर पर विभिन्न कुछ बच्चों ने तीज के महत्व को दर्शाते हुए भाषण दिए और कविताएँ पढ़ीं. झूलों का आनंद बच्चों ने स्कूल में लगे झूलों का भी आनंद लिया । यह त्योहार वर्षा ऋतु के दौरान मनाया जाता है और महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी उम्र के लिए उपवास और प्रार्थना के साथ मनाया जाता हैं। यह त्योहार महिलाओं की आस्था और शक्ति का प्रतीक है।

# करनाल में 58वीं जिला ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप का हुआ भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

जिला बैडमिंटन एसोसिएशन, करनाल द्वारा आयोजित 58वीं जिला करनाल ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 का भव्य शुभारंभ 25 जुलाई 2025 को बैडमिंटन हॉल, करनाल स्टेडियम में किया गया। यह प्रतियोगिता 25 जुलाई से 27 जुलाई तक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिलेभर से आए सैकड़ों खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय जगमोहन आनंद, विधायक करनाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. ओ.पी. मिगलानी उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों का भव्य स्वागत एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री रमन बंसल, मुख्य संरक्षक श्री हरीश मक्कर, एवं मानद महासचिव श्री दीपक पंडित द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

अध्यक्ष रमन बंसल ने अपने संबोधन में कहा कि, "करनाल में बैडमिंटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। एसोसिएशन पूरी लगन और प्रतिबद्धता के साथ खिलाड़ियों को उचित मंच देने में जुटी हुई है। उन्होंने विधायक जगमोहन आनंद की सराहना करते हुए कहा कि वे करनाल की जनता के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। इसी विश्वास के साथ एसोसिएशन ने बैडमिंटन हॉल को और अधिक उन्नत व आधुनिक बनाने हेतु अपनी मांगें उनके समक्ष रखीं।"

इस अवसर पर एसोसिएशन की ओर से विधायक जगमोहन आनंद को एक लिखित मांग पत्र सौंपा गया, जिसमें करनाल में समर्पित बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण हेतु सरकारी सहयोग की अपेक्षा की गई। श्री आनंद ने इस मांग को सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए कहा, /"संस्था के सभी पदाधिकारी स्वयं सक्षम हैं, लेकिन खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार का सहयोग भी आवश्यक है।/" उन्होंने भरोसा दिलाया कि यह मांग शीघ्र ही खेल मंत्री के समक्ष रखी जाएगी और जल्द समाधान कराया जाएगा।

## पहले दिन भव्य कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने लिया भाग

# श्री महाकाली महाकालेश्वर सिद्धपीठ मंदिर में श्रीरामकथा का आगाज, भजनों पर झूमे भक्त

- महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में सिर पर पवित्र कलश उठाकर की परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तरावड़ी



तरावड़ी। शोभा यात्रा मे भाग लेते यजमान सुभाष गुप्ता व नपा प्रधान विरेन्द्र बंसल, शहर के गणमान्य लोग व महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

नगर की सुख-शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना को लेकर श्री महाकाली महाकालेश्वर सिद्धपीठ मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर में पूजन, रूद्र महाभिषेक एवं श्रीरामकथा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर खेड़े से निकाली गई विशाल शोभायात्रा से हुई, जिसमें श्रद्धालु महिलाएं सिर पर कलश लेकर भजन-कीर्तन करते हुए मंदिर परिसर तक पहुंचीं। शोभायात्रा नगर में धार्मिक उल्लास का केंद्र बनी रही। शोभायात्रा में आढ़ती एसोसिएशन प्रधान सुभाष गुप्ता, नगरपालिका चेयरमैन वीरेंदर बंसल, समाजसेवी सुशील व रिंकू बंसल समेत गणमान्य लोगों ने मुख्य यजमान के रूप में हिस्सा लिया। भव्य कलश यात्रा में नगर की सैकड़ों महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में सिर पर पवित्र कलश उठाकर भाग लिया। यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और भक्ति भाव से ओतप्रोत वातावरण ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। यह शोभायात्रा नगर खेड़े से शुरू होकर विभिन्न मुख्य मार्गों से होती हुई सिद्धपीठ मंदिर पहुंची। रास्ते भर श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए चलते रहे, वहीं जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में महिलाएं श्रृंगारित होकर सिर पर कलश लेकर अनुशासित रूप से चल रही थीं, जो आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी रहीं। पूजन एवं रूद्र महाभिषेक में नगर के कई श्रद्धालु परिवारों ने भाग लिया। मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत रीतियों से पूजा-अर्चना की गई। इसके उपरांत श्रीरामकथा प्रारंभ की गई, जिसमें प्रभु श्रीराम के जीवन प्रसंगों की सुंदर झांकी प्रस्तुत की जा रही है।

मंदिर के आचार्य पंडित शुभम शास्त्री ने बताया कि धार्मिक आयोजन का उद्देश्य जनमानस में भक्ति, श्रद्धा और धर्म के प्रति आस्था को प्रगाढ़ करना है। आचार्य शास्त्री ने बताया कि कथा का आयोजन सात दिवसीय है और प्रतिदिन प्रातःकालीन पूजन, हवन, रूद्राभिषेक तथा सायंकाल श्रीरामकथा का वाचन किया जाएगा।



### रामनगर के सनातन धर्म मंदिर में सावन महोत्सव

**करनाल।** सावन मास के पावन अवसर पर रामनगर स्थित सनातन धर्म मंदिर में ॐ नमः शिवायः जाप परिवार द्वारा भव्य सावन महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजन के यजमान गुंजन जी रहे, जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी मोहित सचदेवा अपने पूरे परिवार सहित उपस्थित रहे। मंदिर प्रांगण शिव भक्ति और स्तुति के गीतों से गुंजायमान हो उठा। शिव गुणगान का संगीतमय प्रस्तुतिकरण प्रसिद्ध भजन गायक कपिल जुनेजा द्वारा किया गया।

खबर संक्षेप



पानीपत। बिंझोल गांव में अवैध डाई हाउस पर चलते हुए पीला पंजा ।

## बिंझोल में तीन अवैध डाई हाउसों पर चला पीला पंजा

**पानीपत।** शहरी एवं ग्राम आयोजना विभाग की प्रवर्तन शाखा द्वारा अवैध निर्माणों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए बिंझोल गांव में तीन अवैध रूप से निर्मित डाई व ब्लीच हाउसों को ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई जिला नगर योजनाकार (प्रवर्तन) सुमीत मलिक के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। अभियान के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु स्थानीय पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा, जिससे पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई।



पानीपत। अतिथियों को पौधे देकर सम्मानित करते आयोजक ।

## शहीद भगत सिंह स्कूल में एक हजार पौधे वितरित

**पानीपत।** असंध रोड गांव सालवन स्थित ऑल इंडिया एजुकेशन रिसर्च एंड डेवलपमेंट काउंसिल द्वारा शहीद भगत सिंह पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज एक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता तहसीलदार असंध राधेश्याम ने की। काउंसिल के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति अगर एक पौधा लगाए और उसका पालन पोषण करे तो हम अपनी धरती को फिर से हरा भरा बना सकते हैं।



पानीपत। तीज पर प्रस्तुति देने वाली छात्राओं के साथ अतिथिगण व आयोजक। फोटो : हरिभूमि

## आर्य बाल भारती में मनाया तीज उत्सव

**पानीपत।** आर्य बाल भारती स्कूल में तीज महोत्सव हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक भावनाओं के साथ मनाया गया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.अशोक आर्य ने की। आर्य समाज काबड़ी के उपप्रधान ओम दत्त आर्य और उप प्राचार्य जगदीश आर्य मुख्य वक्ता रहे। क संचालन प्रभारी अंजलि शर्मा और गीता रंजन के मार्गदर्शन में गुरुदत्त हाउस द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ.अशोक आर्य ने पौधारोपण कार्यक्रम का भी शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन व तीज की विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने सभी को बधाई दी।



पानीपत। कार्यक्रम में विद्यार्थियों व आयोजकों के साथ अतिथिगण ।

## डीएवी सैंटनरी स्कूल में मनाया कारगिल दिवस

**पानीपत।** डीएवी सैंटनरी पब्लिक स्कूल समालखा में कारगिल दिवस पर टैगोर हाउस इंचार्ज गरिमा रोहिल्ला के निर्देशन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त नायक सूबेदार सत्यवान, सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर डॉ.सतबीर सिंह सहरावत, सेवा निवृत्त वॉरंट अधिकारी सूरजभान सिंह, सेवा निवृत कैप्टन रामचंद्र, भारतीय सेना खेल प्रशिक्षक बिजेंद्र सिंह, भारतीय नौसेना अधिकारी देवेंद्र कौशल व समाजसेवी सत्यवीर गुप्ता रहे। प्रधानाचार्या भव्या शर्मा व अध्यापक मृगेंद्र राठी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा अनेक गतिविधियों की प्रस्तुति दी गई। 12वीं की छात्राओं परी व पारुल और कक्षा छठी की छात्राओं तनवी और चेतना के द्वारा देशभक्ति पर कविताएं सुनाई गई।

### केन्द्रीय मंत्री ने की जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता

# हर स्कीम को सफल बनाना हमारा उद्देश्य, जिस स्कीम में काम नहीं उसको बंद करें : मनोहर लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने अधिकारियों से कहा कि हमें हर स्कीम को सफल बनाना है, जिस स्कीम में कोई काम नही है उसको बंद करवाने के लिए लिखें। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ पात्र लोगों को मिलना चाहिये। किसी भी योजना में सुधार के लिये कोई सुझाव है तो उसे जरूर बतायें। योजना में संशोधन कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कल्याणकारी राज्य का उद्देश्य भी गरीबों, जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। नियम-कानून जनता के भले के लिये बनाये जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारी विकासात्मक परियोजनाओं की गति तेज करें और जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को समय पर दें तथा जनता के सेवक बनकर कार्य करें। केंद्रीय मंत्री शुक्रवार को जिला सचिवालय में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति(दिशा)की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक के एजेंडे में शामिल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि हर मामले को हल करने के लिये यथासंभव कदम उठाये जायें। इस अवसर पर बैठक में विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, शहरी विधायक प्रमोद विज, समालखा के विधायक मनमोहन भड़ाना, मेयर कोमल सैनी, कमेटी के सदस्य व पूर्व सांसद संजय भाटिया, भाजपा जिला महामंत्री डॉ.अर्चना गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रोशनलाल माहला, सांसद के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलुजा, उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया, अतिरिक्त उपायुक्त पंकज यादव सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।





पानीपत। दिशा की बैठक लेते हुए केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल। फोटो : हरिभूमि

### बेरोजगार करें वीटा बूथ के लिए आवेदन

केन्द्रीय मंत्री ने सुझाव दिया कि जो युवा बेरोजगार हैं वह स्वरोजगार के लिए वीटा बूथ खोल सकते हैं, इसके लिए उन्हें मुख्य स्थानों पर बूथ के लिए जमीन देखनी होगी। केन्द्रीय मंत्री ने सदस्यों को सुझाव दिया कि वह अपने नजदीक के व्यक्तियों को इसके लिए प्रेरित करें और कार्य शुरू करने के लिए आर्थिक सहयोग भी करें ताकि रोजगार मिल सके।

### पात्र बीपीएल परिवार के नाम सूची से ना हटाएं जाए, इसकी जांच करें अधिकारी

केन्द्रीय मंत्री ने समीक्षा करते हुए कहा कि कुछ ऐसे परिवार हैं जो बहुत गरीब हैं और वह बीपीएल के लिए पात्र हैं, उनके परिवार पहचान पत्र में गलती से कई--कई गाड़ी चढ़ाई गई हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए। उन्होंने अतिरिक्त उपायुक्त को निर्देश दिए कि इसकी जांच करें और जो दोषी हो उसके खिलाफ कार्यवाही भी करें और पात्र परिवारों के नाम बीपीएल सूची में दर्ज करें।

### धान की सीधी बिजाई के लिए करें किसानों को जागरूक

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा धान की सीधी बिजाई के लिए प्रति एकड़ 4500 रूपये देने का प्रावधान किया है ताकि किसानों को किसी प्रकार का नुकसान ना हो, इसके लिए सरकार की मंशा है कि पानी की ज्यादा से ज्यादा बचत हो सके। केन्द्रीय मंत्री ने बैठक में उपस्थित सदस्यों को भी कहा कि वह इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें। इतना ही नहीं डीसी डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने सुझाव दिया कि जो पंचायती जमीन किसानों को बोली पर दी जाती है, बोली के समय ही यह शर्त लगाई जाए कि वह 25 प्रतिशत धान की सीधी बिजाई करेंगे।

### बीएसएनएल व अन्य कम्पनियों द्वारा आम जनता को दी जाने वाली सुविधाओं की हो समीक्षा

केन्द्रीय मंत्री ने बैठक में बीएसएनएल अधिकारी से जानकारी मांगी, बीएसएनएल अन्य प्राईवेट कम्पनियों के मुकाबले आम जनता को क्या सहयोग दे रहा है, बीएसएनएल की क्या-क्या स्कीम है। अधिकारी के जवाब से संतुष्टि ना मिलने पर केन्द्रीय मंत्री ने निर्देश दिए कि अगली बैठक में इसकी पूरी विस्तार से जानकारी लेकर आएं।

### पात्र व्यक्ति को ही मिले प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ

केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले मकानों की गहनता से जांच करने के निर्देश दिए और कमेटी के सदस्यों को कहा कि वह धरातल पर जाकर इसका सर्वे करें, यदि किसी योग्य व्यक्ति को इसका लाभ नहीं मिलता तो उसका नाम जुड़वाएं और जो गलत तरीके से स्कीम का लाभ ले रहा है उसका नाम हटवाएं।

### पानीपत में बनाया जाएगा सांझा बाजार

केन्द्रीय मंत्री ने दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना के तहत हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि ऐसी व्यवस्था बनायें जिससे यह पता चल सके स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) क्या कार्य करता है, कौन सा उत्पाद तैयार करता है, तैयार उत्पाद का क्या प्रमाणीकरण कराया जाता है। उन्होंने बनाए गए उत्पाद को बेचने के लिए पानीपत में सांझा बाजार बनाने के लिए उपायुक्त को निर्देश दिए।

# सीईटी की परीक्षा आज जिले में तैयारियां पूरीं

- परीक्षार्थियों को जिला प्रशासन की तरफ से दी जा रही है विशेष सुविधाएं, रोड़वेज द्वारा बसों के माध्यम से परीक्षा केन्द्रों तक पहुचाएं जाएंगे परीक्षार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि जिले में सीईटी परीक्षा की पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। परीक्षा शांतिपूर्ण हो इसके लिए व्यापक व्यवस्था की गई है और सभी परीक्षा केन्द्रों पर डयूटी मैजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सीईटी परीक्षा में शामिल होने जा रहे अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु 26 एवं 27 जुलाई 2025 को आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए हरियाणा रोडवेज की ओर से निःशुल्क बस सेवा प्रदान की जाएगी। यह सेवा अभ्यर्थियों को उनके नजदीकी जिला स्तरीय बस अड्डे से परीक्षा केंद्र तक पहुँचने और वापसी हेतु उपलब्ध करवाई जाएगी। उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी की गई हिदायतों की पालना करें ताकि उनको किसी प्रकार की परेशानी न हो। वहीं पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि 26 व 27 जुलाई को जिले में होने वाली सीईटी की परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करवाने के लिए पुलिस ने व्यापक प्रबंध किए हैं। सभी परीक्षा केन्द्रों के आसपास चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर रहेगी। उन्होंने बताया कि 25 जुलाई से ही पुलिस की कार्यवाही शुरू हो गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस के जवान पहुंच चुके हैं। किसी भी परीक्षा केन्द्र पर बाहरी व्यक्ति को जाने की अनुमति नही

## आर्य कॉलेज में जीजेयू हिसार का अध्ययन केंद्र हुआ स्थापित

**पानीपत।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार द्वारा आर्य कॉलेज में डिस्टेंस एजुकेशन का अध्ययन केंद्र स्थापित किया गया है। जीजेयू की टीम ने कॉलेज का निरीक्षण किया और अब आर्य कॉलेज को अध्ययन केंद्र अनुमोदित किया गया। इस केन्द्र में स्नातक, स्नातकोत्तर व डिप्लोमा स्तर के 12 कोर्सेस संचालित होंगे। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने बताया कि इसी महीने जीजेयू साइंस एवं टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी, हिसार की टीम द्वारा आर्य कॉलेज प्रांगण का निरीक्षण किया गया। समिति द्वारा सभी मानकों पर खरा उतरने के बाद आर्य कॉलेज को अध्ययन केंद्र खोलने की मंजूरी दी गई। इस अध्ययन केंद्र को खोलने का उद्देश्य सभी को समान रूप से शिक्षा उपलब्ध कराना है। इस केंद्र की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक जिम्मेदारी व नेतृत्व प्राचार्य एवं मुख्य समन्वयक डॉ.जगदीश गुप्ता करेंगे। उनके साथ डॉ.मधु गाबा को समन्वयक और प्राध्यापक पंकज चौधरी को सह समन्वयक नियुक्त गया है। इस अध्ययन केंद्र पर कोई भी विद्यार्थी जो दूरस्थ शिक्षा प्राप्त करना चाहता है वह कॉलेज में आकर अपना फ ॉर्म भी भर सकता है व क्लासेज भी लगा सकता है। शुरू होने वाले 12 कोर्सिज में एमकॉम, एमएससी मैथ, बीए, बीकॉम, बीए मास कम्यूनिकेशन, डिप्लोमा इन बिजनेस एनालिटिक्स, डिप्लोमा इन सप्लाई चेन, डिप्लोमा इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी, डिप्लोमा इन डेटा साइंस, डिप्लोमा इन फ इनेंशियल मार्केट, डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड फाइनेंस शामिल हैं।

# फसल बीमा का क्लेम लेना किसानों का हक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जिला में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र उझा में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र पानीपत के समन्वयक डॉ.सतपाल, कृषि विषय विशेषज्ञ डा.राधे श्याम व सहायक सांख्यिकीय अधिकारी हरबंस सिंहमार मौजूद रहे। सहायक सांख्यिकीय अधिकारी हरबंस सिंहमार ने बताया कि किसानों को स्थानीय आपदा से हुए नुकसान की भरपाई पूरी करने के लिए फसल बीमा करवाना बहुत महत्वपूर्ण है। एक किसान के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि अगर किसान के खाते से प्रीमियम कटा है व उसने 72 घंटे के अंदर 14447 टोल फ्री नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कराई है व उसके खेत में सर्वे के दौरान फसल खराब हुई पाई जाती है तो वह बीमा प्राप्त करने का हकदार होगा। डा.सतपाल ने भी किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। अंत में डा.सतपाल व कृषि विभाग के दूसरे अधिकारियों के साथ किसानों द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र पानीपत में धान व कपास के खेतों का भी भ्रमण किया गया। कार्यक्रम का संचालन पीएमएफबीवाई के परियोजना अधिकारी रामनिवास द्वारा किया गया।



पानीपत। धान के खेत का निरीक्षण करते कृषि अधिकारी व किसान।

# एसडी इंटरनेशनल स्कूल में छात्र संसद का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हुड्डा सेक्टर 6 स्थिति एसडी इंटरनेशनल स्कूल में छात्र संसद का गठन के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मंच संचालन दक्ष, मुकुल, मिताशी और मनस्वी ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के चारों सदनों नॉवल नंदका, पंचजन्या, सारंगा, कॉमोदिकी ने भाग लिया। प्रधानाचार्या रुचि शर्मा ने कहा कि छात्र संसद के गठन का उददेश्य छात्रों मे नेतृत्व क्षमता का विकास करना, छात्रों मे संसदीय गुणों को विकसित करना, लोकतंत्रीय संस्कृति से विद्यार्थियों को परिचित कराना है। इस छात्र संसद में हेड ब्वाय आफ स्कूल आयुष, हेड गर्ल आफ स्कूल जपनीत, वाईस हेड ब्वाय आफ स्कूल विभोर गोयल, वाईस हेड गर्ल आफ स्कूल दीप्ति शर्मा, स्पोर्टस कैप्टन अदम्या, वाईस स्पोर्टस कैप्टन युवनीत सिंह, सांस्कृतिक सचिव पावनी, उप सांस्कृतिक सचिव लावन्या, हाउस कैप्टन सारंगा तनिष्ठा, डिप्टी हाउस कैप्टन सारंगा, गुरांश हाउस कैप्टन पंचजन्य, केशव डिप्टी हाउस कैप्टन पंचजन्य, अनुष्का हाउस कैप्टन नंदका, आदित्य जैन डिप्टी हाउस कैप्टन नंदका, हरसिमरत कौर हाउस कैप्टन कोमोदिकी, छवि डिप्टी हाउस कैप्टन कोमोदिकी, हर्ष सीनियर वर्ग में अनुशासन प्रभारी की जिममेदारी रेयांश व स्नेहा को दी गई। वहीं जूनियर वर्ग में रेयान सिंह व दिव्यांश को अनुशासन प्रभारी चुना गया। चुने हुए पदाधिकारियों को मीनाक्षी मलिक ने शपथ दिलाई। धन्यवाद प्रियंका शर्मा ने किया।



पानीपत। एसडी इंटरनेशनल स्कूल में छात्र संसद में चुने गए विद्यार्थियों के साथ प्रधानाचार्या रुचि शर्मा व अन्य। फोटो : हरिभूमि





पानीपत। आर्य गर्ल्स स्कूल में तीज पर झूला झूलती छात्राएं । फोटो : हरिभूमि

# आर्य गर्ल्स स्कूल में जूनियर विंग ने मनाया तीज का त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल में आज नर्सरी से तीसरी कक्षा की छात्राओं द्वारा हर्षोल्लास से तीज पर्व मनाया गया। छात्राओं ने विभिन्न वेशभूषाओं में मनमोहक नृत्यों से त्यैहार की रौनक बढ़ा दी। वेदिका, गुंजन, हरमन,अदिति,महक, मिष्टी, विधि, मनजोत, दीपांशी, क्यारा व सौम्या आदि ने नृत्य प्रस्तुत किया। छात्राओं ने इस अवसर पर तरह-तरह के व्यंजनों का भी स्वाद लिया। छात्राओं ने अपने हाथों पर सुंदर-सुंदर मेहंदी रचाई और झूलो का आनंद लिया। विद्यालय की प्राचार्या मीनाक्षी अरोडा , उपप्रधानाचार्या अनुभा गुप्ता एवं जूनियर विंग प्रभारी रीतू गोयल ने छात्राओं के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि त्यौहार जीवन की नीरसता को रंगों से सराबोर कर देते हैं। अध्यापिका गीता, सोनम और सीमा का विशेष योगदान रहा।

## जीडी गोयंका में तीज के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में तीज के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अलग-अलग गतिविधियों से सबका मन मोहा।

प्री.नर्सरी व नर्सरी कक्षा के विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुत दी। सभी सदनों के बच्चों ने अपनी-अपनी प्रस्तुति दी। कक्षा ग्यारहवीं के छात्र रूद्र ने तीज के बारे में बताया। छात्राओ ने मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी-अपनी प्रतिभा को हाथों पर उकेरा। विद्यालय के चेयरमैन अतुल जैन, डायरेक्टर मधु अग्रवाल ने तीज त्यौहार की सबको शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्या रेणुका अनेजा ने भी सभी को तीज की बधाई दी। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन युवराज जैन, सीए कमल किशोर, एडवाइजर मुस्कान जैन, बलराम शर्मा आदि मौजूद रहे।





पानीपत। जीडी गोयंका स्कूल में अध्यापिकाओं को मेंहदी लगाती छात्राएं ।

# मोहित स्कूल में तीज उत्सव का आयोजन

**पानीपत।** नूरवाला मोतीराम कॉलोनी स्थित मोहित पब्लिक स्कूल में तीज उत्सव मनाया गया। इसमें छोटे-छोटे बच्चों ने हरी ड्रेस पहन कर अनेक नृत्य किया और झूला भी झूला और छठी कक्षा से दसवीं कक्षा तक की सभी लड़कियों ने सभी टीचरों को मेहंदी लगाई। वहीं छात्राओं ने अनेक रंगारंग प्रस्तुति दी। विद्यालय की अध्यक्ष किरण रानी ने बच्चों को पुरस्कार वितरित किए और बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इसमें मधुबाला, अनुसुध, पूजा, भूमिका, जिया, खुशी, तनु, नेहा, ममता व उषा आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। मोहित स्कूल में छात्राओं द्वारा लगाई गई मेंहदी दिखाती अध्यापिकाएं।





पानीपत। विक्टर स्कूल में तीज पर प्रस्तुति देते हुए छात्राएं । फोटो : हरिभूमि

## विक्टर स्कूल में तीज पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**पानीपत।** विक्टर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज तीज पर्व के उपलक्ष्य में एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा दसवीं की छात्राओं द्वारा गायत्री मंत्र एवं समूहगान आया सावन गीत की गई। कक्षा नौवीं की छात्राओं वेनिका एवं समूह ने हरियाणवीं गीत पर लोकनृत्य प्रस्तुत किया। जबकि नौवीं की ही छात्राएँ मन्नत एवं गौरी ने पंजाबी गीत पर नृत्य किया। वहीं अध्यापिका कोमल ने तीज पर्व के पौराणिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रबंधक विक्रम गांधी ने कहा कि तीज का यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और आनंद लेकर आए। मंच संचालन अध्यापिका सुजाता ने किया।



पानीपत। तीज उत्सव पर पहुंची अतिथियों को सम्मानित करते आयोजक ।

## एवी स्कूल में तीज पर हरे कपड़ों में पहुंचे विद्यार्थी

**पानीपत।** नूरवाला स्थित एवी पब्लिक स्कूल में आज तीज पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीज के अवसर पर लड़कियों ने हरे रंग के सूट और लडक़ों ने कुर्ता पजामा डालकर सामूहिक गीतों का गायन किया और डांस कर खूब वाहवाही लूटी। लड़कियों ने और स्टाफ ने झूला झूलकर तीज मनाई। निर्देशिका मधुबाला शास्त्री ने बच्चों को तीज पर अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए भी प्रेरित किया। इस मौके पर मुख्य अध्यापक राजेंद्र सिंह शास्त्री ने सभी का धन्यवाद किया और तीज की शुभकामनाएं दी।



पानीपत। तीज पर प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों के साथ प्रधानाचार्य रेखा शर्मा ।

## त्यौहार उल्लास व मस्ती के अवसर : रेखा शर्मा

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में तीज का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने हरियाली तीज के थीम पर अलग-अलग प्रस्तुतियां दी। कक्षा नौवीं से 12वीं कक्षा तक की छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुतियां दी। प्रस्तुतियां देने वाले सभी बच्चों को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। वहीं सभी छात्राओं और अध्यापिकाओं को मेहंदी लगाई गई। प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने कहा कि त्यौहार केवल उल्लास और मस्ती का अवसर नहीं होते, बल्कि ये हमारे सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूती प्रदान करते हैं।

### जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में पहुंची 13 शिकायतें

# जो कंपनी प्लाट धारकों को दे रही पीड़ा उन पर हो एक्शन

- तीन का मौके पर समाधान, 10 अगली बैठक के लिए लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

सामाजिक न्याय सशक्तिकरण अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने आज जिला सचिवालय सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायतकर्ताओं से संबंधित 13 शिकायतों के एजैंडे पर सुनवाई करते हुए कहा कि जो कम्पनी लोगों को प्लाट देकर उनमें किसी भी तरह का कोई विकास कार्य नहीं करवा रही वे मानवता को खत्म करके लोगों को पीड़ा दे रही हैं। उनमें किसी भी तरह का कोई दयाभाव नहीं है। ऐसे लोगों और संस्थानों के प्रति कड़ा रवैया अपनाना होगा ताकि लोग दुखी ना हो और यह प्रदेश सरकार के साथ-साथ प्रशासन की इतनी जिम्मेदारी है कि ऐसे लोगों को समय पर न्याय मिले।

उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने मंत्री को आश्वस्त किया कि वे जनसमस्याओं को लेकर प्रारंभ से ही गंभीर हैं व उनके इस दिशा में हमेशा सार्थक प्रयास रहे हैं। जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में पहली शिकायत हवा सिंह वासी टीडीआई सिटी द्वारा दी गई जो टीडीआई सिटी में सुविधाए उपलब्ध न करवाने से संबंधित थी। इस शिकायत को लेकर मंत्री ने मौके पर सारी परस्थितियां जानी और जिसको लेकर टीडीआई निवासीगण संतुष्ट नजर आए। उन्होंने इसके लिए मंत्री कृष्ण बेदी का विशेष तौर पर धन्यवाद भी किया। उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में मंत्री को अवगत करवाया कि जो भी समस्याएं आती हैं उन पर संज्ञान लिया जाता है। प्रशासनिक अधिकारी गंभीरता से कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में समस्याओं की गंभीरता को देखते हुए उन पर कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, मेयर कोमल सैनी, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह सहित विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी व जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य भी मौजूद रहे।



पानीपत। जिला कष्ट निवारण समिति में जनता की समस्याओं को सुनते हुए मंत्री कृष्ण कुमार बेदी।

## खबर संक्षेप

### बराड़ाः नशीले कैप्सूल के साथ गिरफ्तार

**बराड़ा।** पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गश्त के दौरान मिली पुख्ता सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में आरोपी से भारी मात्रा में नशीले कैप्सूल और गोलियां बरामद की गई हैं। बीती 24 जुलाई की रात लगभग 9:10 बजे क्षेत्र में पुलिस को गश्त के दौरान सूचना मिली की जुल्फकार उर्फ काला नशे की खेप लेकर आ रहा है। पुलिस ने नाकाबंदी के जरिए आरोपी को भारी मात्रा में नशीले कैप्शूल के साथ काबू किया है।

### प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अंबाला।** पुलिस डीएवी स्कूल में बच्चों ने हास्यप्रद नाटकों के माध्यम से अपना संदेश दिया। इंटर हाउस प्रतियोगिता में चारों हाउस करेज , ग्लोरी, स्ट्रैंथ और विजडम ने भाग लिया। इसमें कुल 50 बच्चों ने भाग लिया। प्रथम हाउस के बच्चों ने नाटक के माध्यम से दूसरों के प्रति अच्छे भाव कैसे रखें व उनका आदर कैसे करें ,यह सिखाया । दूसरे हाउस ने टीमवर्क को ड्रीमवर्क बताया। उन्होंने नाटक के माध्यम से मिलजुल कर काम करने के सफल परिणाम के बारे में हास्य अभिव्यक्ति से दर्शाया। तीसरे हाउस के प्रस्तुति बहुत अनूठी थी। उन्होंने फिजिकली हैंडीकैप बच्चों के साथ कैसा व्यव्हार किया जाए।

### जीएमएन कॉलेज में तीज का पर्व मनाया गया

**अंबाला।** अंबाला छावनी के जीएमएन कॉलेज में तीज का पर्व अत्यंत पारंपरिक और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें छात्राओं ने अपनी कला का सुंदर प्रदर्शन किया। मेहंदी की सुंदर डिजाइनों ने नारी सृजनात्मकता और पारंपरिक सौंदर्य को दर्शाया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा "ऐसे सांस्कृतिक आयोजन कॉलेज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।

### श्रीकृष्ण आयुष विवि में कारगिल दिवस पर कार्यक्रम

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में कारगिल विजय दिवस-2025 पर शौर्य सम्मान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के वीर योद्धा सेवानिवृत्त कैप्टन गुरमेल सिंह, सूबेदार रविंद्र कौशिक और सूबेदार स्वर्ण सिंह विशेष रूप से शिरकत करेंगे।

### शिक्षा के साथ खेलों में भी भविष्य बनाएं विद्यार्थी

**शाहबाद।** खंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिताओं के समापन अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किशनगढ़ रोड स्थित सतलुज सीनियर सेकैंडरी स्कूल में किया गया। जिसमें भाजपा नेता मास्टर सुभाष कलसाना ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की और खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के दौरान ताईकवांडों व रैसलिंग मैचों का आयोजन भी किया गया और इन मैचों की शुरूआत मास्टर सुभाष कलसाना ने की। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया।

---

**कब्जाधारियों ने लिखित में दिया आश्वासन, कहा हाईकोर्ट से राहत न मिली तो खुद छोड़ देंगे कब्जा, बोर्ड जमीन पर ले चुका है कब्जा**

# तोपखाना परेड की 21 एकड़ जमीन पर तारबंदी की कार्रवाई टली, विरोध की वजह से लिया निर्णय

**बोर्ड जमीन पर ले चुका है कब्जा**

- तोपखाना परेड के लगभग 30 हजार लोग जुड़े हुए हैं, इस जमीन से, स्थानीय निवासी फल व सब्जियां आदि उगाते आ रहे हैं, अब उनकी आजीविका का यह साधन छिनने वाला है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



तोपखाना परेड में 21 एकड़ जमीन पर कब्जा लेने के बावजूद अभी तक कैंटोनमेंट बोर्ड जमीन पर तारबंदी नहीं कर पाया है। बीते रोज भी बोर्ड की टीम ने जमीन पर तारबंदी करने का प्रयास किया। विरोध कर रहे लोगों ने कार्रवाई टीम को आगे बढ़ने नहीं दिया। कड़े विरोध की वजह से फिलहाल कार्रवाई टीम के तेवर नरम हैं। बोर्ड ने लोगों को हाईकोर्ट में प्रस्तावित सुनवाई तक समय देने का आग्रह किया है। कब्जाधारियों ने लिखित में यह बात कही है। फिलहाल बोर्ड ने एक अगस्त तक अपनी कार्रवाई को टाल दिया है। लोगों ने आरोप लगाया कि वो तीन पीढ़ियों से इस जमीन पर खेती करके गुजर-बसर कर रहे हैं लेकिन कैंटोनमेंट बोर्ड उन्हें बर्बाद करने पर तुला हुआ है। बोर्ड की कार्रवाई का विरोध करते हुए लोगों ने बीते रोज रास्ता पूरी तरह से जाम कर दिया था। इस दौरान बुजुर्ग व युवाओं के साथ महिलाएं भी मौके पर डटी रहीं। दरअसल बोर्ड की टीम ने 21 एकड़ पर तारबंदी करने के लिए पुलिस का सहयोग लिया था। टीम सुबह लगभग 10 बजे तोपखाना परेड में पहुंच गई हालांकि स्थानीय लोगों के विरोध के चलते टीम जमीन तक नहीं पहुंच पाई। इस दौरान कैंटोनमेंट बोर्ड के अधिकारी को स्थानीय लोगों ने बताया कि एक अगस्त को हाईकोर्ट में सुनवाई है। इसका जो भी फैसला होगा,वो उन्हें मंजूर होगा। इस संबंध में बकायदा स्थानीय निवासियों ने बोर्ड अधिकारी को लिखित में भी आश्वासन दिया। बता दें कि दो जुलाई को कैंटोनमेंट बोर्ड ने तोपखाना की लगभग 21 एकड़ पर कब्जा लिया था। इस जमीन पर वर्षों पहले अंग्रेजों ने श्रमिकों को बसाया था और उन्हें खेती के लिए यह जमीन दी थी। इसके बाद कैंटोनमेंट बोर्ड ने अंग्रेजों के कार्यकाल के बाद अपने अधीन ले लिया। इसे स्थानीय निवासियों को छह हजार की लीज पर दे दिया गया लेकिन धीरे-धीरे लीज की राशि को बढ़ाया गया जोकि 40 हजार प्रति एकड़ तक पहुंच गई जो खेतिहर मजूदरों के लिए चुकाना नामुमकिन हो गया। तोपखाना परेड में जिस जमीन को लेकर विवाद चल रहा है।

**दो जुलाई को जमीन खाली करवा ली गई थी**

यह काफी पुराना है। इस जमीन से तोपखाना परेड के लगभग 30 हजार लोग जुड़े हुए हैं। इस जमीन पर स्थानीय निवासी फल व सब्जियां आदि उगाते आ रहे हैं। लेकिन अब उनकी आजीविका का यह साधन छीनने वाला है। इसे लेकर उनकी मानसिक व शारीरिक पीड़ा बढ़ गई है। उनकी आखिरी उम्मीद हाईकोर्ट की सुनवाई पर टिकी हुई है। कैंटोनमेंट बोर्ड के सीईओ राहुल आनंद ने बताया कि दो जुलाई को जमीन खाली करवा ली गई थी। वीरवार को तारबंदी के लिए गए थे तो स्थानीय निवासियों ने आग्रह किया था कि हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई है। इसलिए उन्हें एक अगस्त तक का समय दिया जाए। उन्होंने लिखित रूप में यह दिया है इसलिए उन्हें समय दिया गया है। इसके बाद बोर्ड पुलिस के साथ मिलकर अपनी कार्रवाई करेगा।

---

**अंबाला शहर व छावनी में 15 लोकेशन पर 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए**

# सीईटी परीक्षा आज से, तैयारियां पूरी
# 535 जवानों को सुरक्षा की जिम्मेदारी

**डीसी बोले-किसी परीक्षार्थी को नहीं आएगी दिक्कत, प्रशासन करेगा हर संभव सहयोग**

- परीक्षा केंद्रों के नजदीक कोचिंग सेंटर के साथ-साथ फोटोस्टेट मशीनें भी बंद रहेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** पुलिस अधिकारियों को जरुरी निर्देश देते एसपी अजीत सिंह शेखावत।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि सीईटी की लिखित परीक्षा के मद्देनजर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अभ्यार्थियों को परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। परीक्षा के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें पहले ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा चुके है। यह जानकारी उपायुक्त ने वीसी के जरिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के आयुक्त एवं सचिव विजय दहिया को दी। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने परीक्षा के दृष्टिगत की गई तैयारियों की समीक्षा की। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि 26 व 27 जुलाई को दोनों दिन दो चरणों में सीईटी की लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए अंबाला शहर व अंबाला छावनी में 15 लोकेशन पर 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं तथा सुरक्षा के चाक-चौबंद रहेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि जिला खजाना कार्यालय से समय अनुसार प्रश्न पत्रों को पुलिस की सुरक्षा के साथ परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। परीक्षा उपरांत इन पेपरों पर कलेक्शन सेंटर तक पहुंचाया जाएगा। उपायुक्त ने यह भी बताया कि परीक्षा को नकल रहित व पारदर्शी तरीके से करवाने के लिए सभी पुख्ता इंतजाम कर लिए गए हैं। धारा 163 के आदेश भी जारी किए गए हैं जिसके तहत परीक्षा केंद्रों के नजदीक कोचिंग सैंटर के साथ-साथ फोटोस्टेट मशीनें भी बंद रहेंगी। स्कूलों में भी छुट्टी रहेगी। उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षा केंद्रों में जैमर, सीसीटीवी कैमरे व अन्य सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। इसके साथ-साथ यहां पर मेडिकल कैंप व दिव्यांग अभ्यार्थियों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था भी रहेगी। अभ्यार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए पहले से ही सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए हैं। शटल बस सुविधा की उपलब्ध रहेगी। उपायुक्त ने इस मौके पर लोगों से भी आग्रह किया कि 26 व 27 जुलाई को बाहर यात्रा करने से परहेज करें ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके।

**ये मौजूद रहे**

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल, एसडीएम विनेश कुमार, एसडीएम अमन कुमार,नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार, नगराधीश अभिषेक गर्ग, आरटीए सुशील कुमार, जीएम रोडवेज अश्वनी डोगरा, जिला खजाना अधिकारी सुनीता गोस्वामी, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

**सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त**

सीईटी की परीक्षा को लेकर पुलिस की ओर से सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने शुक्रवार को परीक्षा के संबंध में सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, प्रबंधक थाना तथा परीक्षा संस्थानों पर तैनात प्रभारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। एसपी ने परीक्षा के दौरान सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को सतर्कता बरते हुए अपने व्यवहार को अच्छा रखकर अव्वल ड्यूटी करने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा परीक्षा ड्यटी के दौरान किसी भी कर्मचारी की लापरवाही को बख्शा नहीं जाएगा। एसपी ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर परीक्षा संस्थानों, मुख्य चौक-चौराहों व बस स्टैंड वगैरह पर 535 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को नियुक्त किया है। इस दौरान पुलिस द्वारा डॉयल-112 गाडियां, पीसीआर, राइडर को भी परीक्षा ड्यूटी के दौरान परीक्षार्थियों की सहायता के लिए तत्पर रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने को लेकर कई बार परेशानी का सामना करना पड़ता है। पुलिस जवानों को ऐसे परीक्षार्थियों को तुरंत जानकारी देने के आदेश दिए ताकि उसे किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि पुलिस आमजन की सेवा, सुरक्षा सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। किसी भी परिस्थिति में डॉयल-112 पर कॉल कर सहायता प्राप्त की जा सकती है।

---



**अंबाला।** बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक। फोटोः हरिभूमि

### केवी नंबर 4 में चिकित्सकों ने छात्रों के स्वास्थ्य की जांच की

**अंबाला।** केंद्रीय विद्यालय नंबर 4 अंबाला छावनी में विद्यार्थियों के लिए द्विदिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के अंतर्गत विद्यार्थियों का वजन,लंबाई एवं आंखों का तथा गले इत्यादि का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण दल का नेतृत्व डॉक्टर आशु के द्वारा किया गया एवं सहयोगी के रूप में उनके साथ डॉक्टर निहारिका, डॉक्टर निशांत एवं डॉ श्रद्धा भी मौजूद रहे । निरीक्षण के दौरान इन सभी चिकित्सकों के द्वारा विद्यार्थियों को विविध प्रकार से स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए जागरूक किया गया। निरीक्षण दल के की सभी सदस्यों का प्राचार्य अमन गुप्ता के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## खरीफ सीजन में 4 फसलों का किया जाएगा बीमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के मौजूदा खरीफ सीजन को लेकर फसल बीमा का कार्य किया जाना है। वर्तमान सीजन के अंतर्गत चार फसलों धान, कपास, मक्का और बाजरा का बीमा किया जाना है। जिसकी किसान द्वारा देय प्रति हेक्टेयर प्रीमियम राशि की अधिसूचना सरकार द्वारा जारी की गई है। फसल किसान द्वारा देय प्रति हेक्टेयर प्रीमियम राशि धान 2023.80 रूपये, मक्का 1037.84 रूपये, कपास 5176.25 रूपये तथा बाजरा 975.58 रूपये है। कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. जसविंद्र सिंह ने बताया कि योजना के तहत आगामी 16 अगस्त 2024 तक इन सभी फसलों के लिए बीमा करवाया जा सकता है। ऋणी किसान जो योजना में शमिल नहीं होना चाहते उन्हें केंद्र सरकार द्वारा चयन प्रपत्रनुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र खरीफ के लिए वित्तिय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करवाना होगा अन्यथा संबंधित बैंक द्वारा संबधित मौसम के लिए स्वीकृति व नवीनीकृत किए गए ऋणी किसान अनिवार्य रूप से बीमाकृत किए जाएंगे। ऋणी किसान संबंधित बैंक के माध्यम से व गैर-ऋणी किसान अटल सेवा केंद्र, सीएससी के माध्यम से बीमा करवा सकते हैं। बीमा हेतु गैर-ऋणी किसानों को फसल बुआई प्रमाण- पत्र, मेरी फसल मेरा ब्यौरा पंजीकरण आईडी पत्र जमा करवाना अनिवार्य है।

---

**शिक्षकों का राज्य सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप**

# 5 हजार स्कूलों को मर्जर करने की तैयारी

- खंड शिक्षा अधिकारी को सीएम व शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा गया ज्ञापन, आंदोलन की दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



**बराड़ा ।** ज्ञापन सौंपते हुए टीचर्स। फोटोः हरिभूमि

प्रदेश सरकार द्वारा विद्यालय प्रबंधन समितियों (एसएमसी) के मर्जर और पुरानी मांगों पर लगातार वादाखिलाफी के विरोध में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ व स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया की इकाई ने खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से राज्य के शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने से पूर्व प्रधान अरुण कुमार की अध्यक्षता में अध्यापकों की एक बैठक आयोजित की गई। खंड सचिव धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि सरकार एसएमसी मर्जर के नाम पर सरकारी स्कूली शिक्षा के ढांचे को कमजोर कर रही है। मई माह में बनी विद्यालय प्रबंधन समितियों को जुलाई की शुरुआत में ही रद्द कर दिया गया। इससे न केवल समिति सदस्यों की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है बल्कि इससे प्राथमिक विद्यालयों की विशिष्ट आवश्यकताओं की अनदेखी हो रही है। जिला सचिव मुकेश घारू ने आरोप लगाया कि शिक्षा नीति 2020 की आड़ में केंद्र व राज्य सरकारें सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली को योजनाबद्ध तरीके से सीमित कर रही हैं। प्राथमिक विद्यालयों को माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के साथ एक ही समिति में जोड़ना एक गुप्त योजना का हिस्सा प्रतीत होता है। इसके तहत लगभग 5000 सरकारी स्कूलों के मर्जर की तैयारी की जा रही है।

## तीज पर छात्रों ने मचाया धमाल, रंगारंग कार्यक्रमों में दी शानदार प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़




विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के साथ शिक्षक।

माउंट कार्मल इंटरनेशनल विद्यालय, काठेमाजरा में तीज उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा मेहंदी, भाषण, कविता, गीतों का इंटर हाउस नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा तीज की जानकारी देते हुए की गई। फिर सभी छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने हाउस की तरफ से रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं सुंदर-सुंदर पोशाकों में तीज की खुशियां बिखेरते नजर आए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में ब्लू हाउस को प्रथम, ग्रीन हाउस को द्वितीय और येलो और रेड हाउस को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अंत में प्रधानाचार्या सुखविंदर कौर ढिल्लों ने सभी को तीज की शुभकामनाएं दीं। बताया कि यह त्योहार विशेष रूप से भगवान शिव और देवी पार्वती के प्रेम, त्याग और भक्ति के बंधन को समर्पित है। यह नारीत्व, परंपरा और सुंदर मानसून का भी प्रतीक है।

---

## कैंप में 400 बच्चों के दांतों की हुई जांच




**बराड़ा।** रोटरी क्लब द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मॉडर्न एजूकेशन सीनियर सैकेंडरी स्कूल अधोया में निशुल्क दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एमएम. कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस एंड रिसर्च, मुलाना की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सहयोग प्रदान किया। कैंप के दौरान कुल 400 विद्यार्थियों के दांतों की जांच की गई। डॉ. सौरव सेन के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों को दांतों की सफाई, मसूड़ों की देखभाल, नियमित ब्रशिंग और संतुलित आहार से संबंधित आवश्यक सुझाव दिए। साथ ही बच्चों को दांतों की सफाई के सही तरीके भी सिखाए गए। विशेषज्ञों ने बताया कि नियमित देखभाल से दांतों को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है। शिविर के दौरान न केवल बच्चों के मौखिक स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया, बल्कि आवश्यकता अनुसार उनके अभिभावकों को भी परामर्श दिया गया। बच्चों में दांतों की खराबी, कैविटी, मसूड़ों की सूजन जैसे लक्षणों की जांच कर उचित सलाह दी गई।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

---

**सुनवाई** | **कराटे में रजत पदक जीतने वाली खिलाड़ी को पदक पहनाकर किया सम्मानित**

**बिजली की तारों को कसवाने के लिए एसडीओ को कार्रवाई के निर्देश दिए**

# गोल्ड लोन रिकवरी में गड़बड़ी के मामले की पुलिस करेगी जांच, मंत्री विज ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** लोगों की समस्याएं सुनते मंत्री अनिल विज। फोटोः हरिभूमि

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम अनिल विज ने शुक्रवार को अपने आवास पर अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनकर कार्रवाई के आदेश दिए। अंबाला छावनी के प्रतापनगर से आई महिला ने मंत्री अनिल विज को शिकायत देते हुए बताया कि उसने कुछ समय पूर्व एक निजी फाइनेंस कंपनी से 2.80 लाख रुपए गोल्ड लोन लिया था। इसके बदले लगभग 12 तोले सोना दिया था। उसने नियमित तौर पर किश्त कंपनी में जमाई कराई। महिला का आरोप था कि कंपनी की पूर्व मैनेजर ने उसकी किश्त कंपनी में जमा नहीं कराई। किश्त जमा करवाने में गड़बड़ी के कारण अब कंपनी उससे 8 लाख रुपए मांग रही है। विज ने मामले में महेशनगर थाना पुलिस को मामले में जांच व कार्रवाई करने के दिशा-निर्देश दिए। गोबिंदनगर की महिला ने बिजली की तारों को क्षेत्र में कसवाने की मांग की जिस पर मौजूद एसडीओ को कार्रवाई के निर्देश दिए। एनएचएम के तहत स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मचारियों ने अपनी शिकायत देते हुए बताया कि उन्हें अप्रैल माह से अब तक वेतन नहीं मिला है। मामले में स्वास्थ्य विभाग के एसीएस को कार्रवाई के निर्देश दिए।

ई-रिक्शा चालकों ने मंत्री अनिल विज को शिकायत देते हुए कहा कि वह अपना ई-रिक्शा बस स्टैंड के मुख्य गेट के पास लगाते हैं। सवारियां मिलने पर चलाते है। मगर कुछ लोग उन्हें नाजायज तौर पर परेशान कर रहे हैं। धमकाकर वहां से भगा देते हैं। विज ने मामले में पड़ाव थाने के एसएचओ को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह बोह के व्यक्ति ने खंभे में करंट आने, महेशनगर के व्यक्ति ने कुछ लोगों द्वारा मारपीट करने व अन्य मामले में आए लोगों की शिकायतों पर कार्रवाई के निर्दो दिए। मंत्री अनिल विज ने कराटे में रजत पदक जीतने वाली खिलाड़ी को पदक पहनाकर सम्मानित किया व 11 हजार रुपए स्वैच्छिक कोष से प्रदान किए गांव धनकौर की खिलाड़ी पारूल को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि अंबाला छावनी में खेलों की अंतरराष्ट्रीय सुविधाएं उपलब्ध हैं जिसका खिलाड़ियों को फायदा मिल रहा है।